
# जमैका के स्केच पेन



ऐनी सिबली ओ'ब्रायन

चित्र: जुआनिता हैविल

जमैका की स्कूल में सभी के साथ दोस्ती थी—रसेल को छोड़कर. पर इसमें कोई अचरज की बात नहीं थी. रसेल एक मतलबी लड़का था. उनकी कला की क्लास में रसेल ने जमैका के स्केच पेन उधार लिए और फिर उसका चित्र खराब कर दिया. खाने की छुट्टी में रसेल बच्चों पर रेत फेंकता था और छोटे बच्चों का पीछा करता था.


इसलिए जब जमैका को यह पता चला कि रसेल स्कूल छोड़कर जाने वाला था तो निश्चित रूप से उसे कोई अफ़सोस नहीं हुआ. जबकि बाकी बच्चे रसेल की विदाई के लिए कार्ड बना रहे थे तब जमैका ने वो भी नहीं किया. लेकिन फिर कुछ ऐसा हुआ जिससे उसका मन बदल गया ...

# जमैका के स्केच पेन



ऐनी सिबली ओ'ब्रायन
चित्र: जुआनिता हैविल

जमैका ने अपनी आँखें बंद कर लीं और वो अपने चित्र बारे में सोचने लगी. उसकी टीचर मिसेज़ विर्थ हमेशा कहती थीं कि पहले सोचो, फिर चित्र बनाओ.



फिर जमैका ने अपनी आँखें खोलीं और अपने कागज़ पर एक पेड़ बनाया. फिर उसने पेड़ से गिरने वाली पत्तियों को बनाया और उन्हें पीले रंग दिया.


"जमैका," मिसेज़ विर्थ ने कहा, "क्या तुम अपने स्केच पेन रसेल के साथ साझा कर सकती हो? उसके पास कोई स्केच पेन नहीं है."

उसके पास कभी भी जरूरत की कोई चीज़ें नहीं होती है, जमैका ने सोचा. लेकिन उसने कहा, "ठीक है," भले ही वो रसेल के साथ अपने स्केच पेन साझा नहीं करना चाहती थी.



फिर रसेल अपना ड्राइंग-पेपर जमैका की टेबल पर ले आया. वो जमैका के पास बैठ गया और उसने उसके नीले स्केच पेन को पकड़ लिया. जमैका ने अपने चित्र को पूरा करने के लिए भूरे और नारंगी नीले स्केच उठाए. उसने रसेल पर कोई ध्यान नहीं दिया. कुछ देर बाद उसने उसका पेपर देखा. रसेल अपनी पूरे ड्राइंग पर सिर्फ चीता-पोती कर रहा था.

"हमें पतझड़ का चित्र बनाना है, रसेल," जमैका ने कहा.



"किसने कहा?"


"मिसेज़ विर्थ ने. क्या तुमने उन्हें नहीं सुना?"

"मुझे वो नहीं करना है." रसेल ने कहा. फिर वो नीले मार्कर के साथ आया और उसने जमैका की तस्वीर पर एक लकीर बनाई.

"रसेल, रुको!" जमैका चिल्लाई.

लेकिन रसेल ने जमैका के पीले पत्तों वाले पेड़ पर उल्टा-सीधा लिखकर उसे खराब कर किया.





"मिसेज़ विर्थ," जमैका चिल्लाई. "रसेल ने मेरी तस्वीर खराब कर दी है."

मिसेज़ विर्थ जल्दी से अपनी मेज से वहां पहुंचीं.

"रसेल, क्या तुमने ऐसा किया?" रसेल ने जमैका की तस्वीर को पकड़ रखा था.

मिसेज़ विर्थ ने बहुत कोशिश की लेकिन रसेल ने जमैका से माफ़ी नहीं मानी. कला की क्लास खत्म होने तक रसेल को अकेले बैठकर अपनी वर्तनी पर काम करना पड़ा.

"देखो रसेल ने क्या किया!" घर पहुंचने पर जमैका ने अपने पिता और भाई को अपना चित्र दिखाया. "मैंने कोशिश की, लेकिन मैं इस इससे अच्छा दूसरा चित्र नहीं बना पाई." जब जमैका ने बदसूरत नीले रंग के कट्टम-काट देखे तो उसका रोने का मन करने लगा.


"रसेल एक मतलबी लड़का है."

"क्या तुमने मिसेज़ विर्थ को बताया कि क्या हुआ?" जमैका के पिता ने पूछा.

जमैका ने सिर हिलाया. "रसेल, फिर से मेरे स्केच पेन का उपयोग नहीं कर सकेगा. मैंने उसे अपने स्केच पेन दिए क्योंकि उसके पास वे नहीं थे. उसके पास कभी भी ड्राइंग का सामान नहीं होता है. लेकिन यह मतलबी होने का कोई कारण नहीं है."

"नहीं," उसके पिता ने कहा. "रसेल को तुम्हारा चित्र खराब नहीं करनी चाहिए था."





अगली बार जब कला की क्लास थी तो जमैका खुश थी कि रसेल उसकी मेज पर नहीं बैठा था. अब वो उसे परेशान नहीं कर सकता था, और अब जमैका को अपने स्केच पेन भी उसके साथ साझा नहीं करने पड़ेंगे. लेकिन छुट्टी के समय रसेल ने जमैका पर रेत फेंकी और कक्षा की दूसरी दो लड़कियों का पीछा किया, इसलिए उसे प्रिंसिपल के ऑफिस में जाना पड़ा.

रसेल के वापस आने से पहले, मिसेज़ विर्थ ने क्लास से कहा, "मैं तुम लोगों को कुछ बताना चाहूती हूँ. क्या तुम उस रहस्य को अपने तक ही रखोगे?"

"हाँ!" जमैका अपने सहपाठियों के साथ चिल्लाई.

"हम शुक्रवार को रसेल के लिए एक अलविदा पार्टी करने जा रहे हैं. उसके पिता को दूसरे शहर में एक नई नौकरी मिली है. वे सप्ताह के अंत तक वहां चले जायेंगे. तुम लोग अलविदा कहने के लिए रसेल के लिए एक कार्ड बनाओ, फिर रसेल के पास हमें याद रखने के लिए कुछ होगा."

मिसेज़ विर्थ ने सभी बच्चों को खाली कागज़ दिए. फिर उन्होंने सबको दिखाया कि उन्हें कागज को कार्ड में कैसे मोड़ना था. जमैका, रसेल के लिए कार्ड नहीं बनाना चाहती थी. जमैका खुश थी कि रसेल स्कूल छोड़कर जा रहा था. फिर वो उसे और परेशान नहीं करेगा. जमैका ने अपना कागज अपनी मेज पर रख दिया.



रात के खाने के समय जमैका ने कहा, "मुझे यहां अपने घर में रहना पसंद है. मुझे अपना घर और मेरा कमरा और सामने के आंगन में लगा पेड़ पसंद है. वैसे मुझे अपना स्कूल भी पसंद है."

"मुझे बहुत खुशी है कि तुम्हें वो सब अच्छा लगता है," उसकी माँ ने कहा.

"मैं अपना स्कूल छोड़ना नहीं चाहूंगी."

"पर तुमसे स्कूल छोड़ने को कौन कह रहा है?" ओस्सी ने पूछा.

"रसेल स्कूल छोड़कर जा रहा है," जमैका ने कहा.

"तुम भाग्यशाली हो. वो अब तुम्हारे चित्रों को खराब नहीं करेगा," ओस्सी ने कहा.

"मुझे नहीं पता कि रसेल को स्कूल छोड़ना कैसा लग रहा होगा," पिताजी ने कहा. "शायद वो उसको लेकर परेशान हो. क्या किसी ने उससे इसके बारे में बात की है?"

जमैका ने कहा, "रसेल कुछ नहीं कहता है. वो बस मुसीबत में पड़ जाता है."



शुक्रवार सुबह को रसेल क्लास में नहीं आया. वो स्कूल के ऑफिस में अपनी मां के साथ था. जमैका ने अपनी खाली मेज की ओर देखा. अगले हफ्ते रसेल चला जाएगा. वो फिर कभी भी अपनी डेस्क पर नहीं होगा.


फिर जमैका ने रसेल के लिए एक कार्ड बनाने का फैसला किया. उसने खाली कार्ड और स्केच पेन भी निकाले.



लेकिन तभी मिसेज़ विर्थ ने पूछा, "इस सप्ताह मेरे कौन-कौन सहायक हैं?" जमैका ने अपना हाथ ऊपर उठाया.

"जमैका, क्या तुम सब बच्चों के कार्ड इकट्ठे कर सकती हो, और उन्हें रसेल की डेस्क पर रख सकती हो? ब्रायना और थॉमस, मैं चाहती हूं कि तुम लोग प्लेट और कप की गतिविधियों के लिए मेज़ को साफ़ करो."

जमैका कार्ड इकट्ठे करने के लिए एक डेस्क से दूसरी डेस्क पर गई. फिर उसने सारे कार्ड रसेल की मेज पर रख दिए. जैसे ही उसने रसेल की डेस्क बंद की, रसेल अपनी माँ के साथ क्लास में अंदर आया.




फिर रसेल की अलविदा पार्टी शुरू हुई. बच्चों ने शुरू में कुछ देर खेल खेले और फिर केक खाया. रसेल ने अपनी मेज खोली और सारे कार्ड निकाले. "देखो माँ, सभी ने मेरे लिए एक-एक कार्ड बनाया है."

हर किसी ने नहीं, जमैका ने सोचा. फिर उसने अपने बैग से अपने स्केच पेन निकाले और वो रसेल के पास दौड़ी.

"यह तुम्हारे लिए हैं, रसेल." उसने उसे अपने स्केच पेन दिए. "तुम इन्हे अपने नए स्कूल में इस्तेमाल कर सकते हो."






"लेकिन तुम्हें भी इनकी आवश्यकता होगी" रसेल ने कहा. "तुम्हें चित्र बनाना पसंद हैं. और तुम कक्षा में सबसे अच्छे चित्र बनाती हो. क्या होगा अगर तुम्हें आकाश रंगना पड़े?"

"कोई अन्य बच्चा मेरे साथ स्केच पेन साझा करेगा."


"धन्यवाद," रसेल ने कहा. "तुम भाग्यशाली हो. तुम्हें यहां इस स्कूल में पढ़ने का मौका मिला है." फिर जमैका को समझ में आया कि रसेल को स्कूल छोड़ते हुए कैसा लग रहा था.

"काश, तुम्हें स्कूल नहीं छोड़ना पड़ता," जमैका ने कहा.



जब जमैका ने रसेल को अलविदा कहा, तो उसने देखा कि रसेल की माँ उसके अलविदा कार्ड लेकर जा रही थीं. रसेल ने स्केच पेन को इस तरह पकड़कर लहरा रहा था जैसे उसने कोई पुरस्कार जीता हो.

"अलविदा रसेल. मैं तुम्हें याद करूँगी," जमैका ने कहा. और वो एकदम सच कह रही थी.







समाप्त